SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 20/05/2019

Q1. डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम ने हाल ही में कौन सी सर्विस लांच की है?

क. इंटरनेशनल पेमेंट

ख. लोन पे

ग. डेबिट कार्ड लोन पेमेंट

घ. क्रेडिट कार्ड

भारत की डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम ने हाल ही में क्रेडिट कार्ड सर्विस लांच की है. क्रेडिट कार्ड लांच करने के लिए पेटीएम ने सिटी बैंक के साथ मिलकर इसकी शुरूआत की हैं. इस क्रेडिट कार्ड के साथ कुछ यूजर्स को एक फीसदी अनलिमिटेड कैशबैक दिया जायेगा.

SarkariExam.Com

Q2. नेशनल पेंशन स्कीम के तहत आने वाले शिक्षकों को मिलने वाली रिटायरमेंट ग्रेच्युटी और अन्य लाभ पर किसने रोक लगा दी है?

क. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

ख. केंद्रीय विद्यालय संगठन

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. दिल्ली यूनिवर्सिटी

नेशनल पेंशन स्कीम के तहत आने वाले शिक्षकों को मिलने वाली रिटायरमेंट ग्रेच्युटी और अन्य लाभ पर केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने रोक लगा दी है. इस सम्बन्ध में केवीएस के सहायक आयुक्त वित्त की ओर से पत्र जारी किया गया है.

Q3. वर्ष 2018 के लिए हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका मनीषा कुलश्रेष्ठ को कौन सा पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है?

क. पदमश्री पुरस्कार

ख. दादा सहिब फाल्के पुरस्कार

ग. बिहारी पुरस्कार

घ. इनमे से कोई नहीं

हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका मनीषा कुलश्रेष्ठ को हाल ही में वर्ष 2018 के लिए "बिहारी पुरस्कार" देने की घोषणा की गयी है. उन्हें यह पुरस्कार उनके प्रसिद्ध "स्वप्नपाश" के लिए यह पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है.

SarkariExam.Com

Q4. हाल ही में सीनियर वकील मोहित माथुर को किस हाईकोर्ट का अध्यक्ष और अभिजात को सचिव नियुक्त किया गया है?

क. चेन्नई हाईकोर्ट

ख. कोलकत्ता हाईकोर्ट

ग. दिल्ली हाईकोर्ट

घ. इलाहाबाद हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने हाल ही में सीनियर वकील मोहित माथुर को दिल्ली हाईकोर्ट का अध्यक्ष और अभिजात को सचिव पद पर नियुक्त किया है.

Q5. भारत की सबसे तेज़ ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस ने हाल ही में बिना कोई ट्रिप छोड़े कितने लाख किलोमीटर पुरे कर लिए है?

क. एक लाख किलोमीटर

ख. दो लाख किलोमीटर

ग. तीन लाख किलोमीटर

घ. चार लाख किलोमीटर

15 फरवरी 2019 को शुरु की गयी वंदे भारत की सबसे तेज़ ट्रेन भारत एक्सप्रेस ने हाल ही में बिना कोई ट्रिप छोड़े (बिना कही रहे) एक लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली है. यह ट्रेन वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलती है.

SarkariExam.Com

Q6. निम्न में से किसने मानसिक समस्याओं और आनुवांशिक बीमारियों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव दिया है?

क. एलआईसी

ख. इरडा

ग. वर्ल्ड बैंक

घ. वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन

इरडा (बीमा नियामक) ने हाल ही में मानसिक समस्याओं, मस्तिष्क और मनोवैज्ञानिक विकारों और आनुवांशिक बीमारियों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव दिया है. इरडा ने कहा ही की हेल्थ इंश्योरेंस इंडस्ट्री को इस मामले में एकरूपता रखनी चाहिए

Q7. हाल ही में किसने मिलिट्री नर्सिंग स्टाफ को एक्स-सर्विसमैन का दर्जा देने के लिए मंजूरी दे दी है?

क. खेल मंत्रालय

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. रक्षा मंत्रालय

घ. हाईकोर्ट

रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में मिलिट्री नर्सिंग स्टाफ को एक्स-सर्विसमैन का दर्जा देने के लिए मंजूरी दे दी है. एक्स-सर्विसमैन का दर्जा दिए जाने पर एमएनएस अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के उपरांत दोबारा कहीं नौकरी हासिल करने में आसानी होगी.

SarkariExam.Com

Q8. निम्न में से किसने हाल ही में डिमेंशिया के खतरे को कम करने के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये है?

क. वर्ल्ड बैंक

ख. विश्व स्वास्थ्य संगठन

ग. केंद्र सरकार

घ. सुप्रीमकोर्ट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने हाल ही में डिमेंशिया के खतरे को कम करने के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये है. डब्लूएचओ ने एक रिपोर्ट में कहा है की अगले 30 वर्षो में डिमेंशिया के रोगियों की संख्या में तीन गुना बढ़ोतरी हो सकती है.

Q9. वर्ष 2019 के विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस का विषय क्या है?

क. मानकीकरण की खाई को पाटना (Bridging the standardization gap)

ख. देशो को एकत्र करना

ग. देशो में सुचना का प्रसार करना

घ. देशो में दूरसंचार के माध्यम से सूचना का प्रसार करना

मानकीकरण की खाई को पाटना – वर्ष 2019 का विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस का विषय “मानकीकरण की खाई को पाटना (Bridging the standardization gap)” है. इस दिन लोगों के मूलभूत मानव अधिकारों के प्रति लोगों का ध्यान केन्द्रित करना है

SarkariExam.Com

Q10. एफए कप का फाइनल जीतने के साथ ही मैनचेस्टर सिटी एक सीजन में इंग्लैंड के कितने बड़े टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई है?

क. दो टूर्नामेंट

ख. तीन टूर्नामेंट

ग. चार टूर्नामेंट

घ. पांच टूर्नामेंट

हाल ही में एफए कप का फाइनल में वेटफोर्ड को 6-0 से हराकर इंग्लैंड का क्लब मैनचेस्टर सिटी एक सीजन में इंग्लैंड के तीन बड़े टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई है. फाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी के लिए रहीम स्टर्लिंग ने गोल के हैट्रिक लगायी.

Q11. भारतीय नौसेना ने हाल ही में कोच्चि ’और ‘चेन्नई ’ के समुद्र तट पर कौन सी मिसाइल का सफल परीक्षण किया है?

क. अग्नि-2 मिसाइल

ख. अग्नि-4 मिसाइल

ग. MRSAM मिसाइल

घ. प्रथ्वी-7मिसाइल

MRSAM मिसाइल भारतीय नौसेना ने हाल ही में कोच्चि ’और ‘चेन्नई ’ के समुद्र तट पर MRSAM मिसाइल का सफल परीक्षण किया है. इस मिसाइल का परीक्षण डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है.

SarkariExam.Com

Q12. इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर सिटी के कप्तान ______ ने क्लब छोड़ने की घोषणा की है?

क. विसेंट कोम्पनी

ख. रोजर फेडरर

ग. नोवाक जोकोविच

घ. क्रिस्तिआनो रोनाल्डो

हाल ही में इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर सिटी के कप्तान विसेंट कोम्पनी ने क्लब छोड़ने की घोषणा की है. उन्होंने इस क्लब के लिए 2008 से 2019 तक 360 मैच खेले है और 4 प्रीमियर लीग, 4 लीग कप, 2 एफए कप और 2 कम्यूनिटी शिल्ड्स जीते है.

Q13. सोशल मीडिया पर 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स के साथ कौन सा क्रिकेटर खिलाडी पहला क्रिकेटर बन गया है?

क. रोहित शर्मा

ख. विराट कोहली

ग. शिखर धवन

घ. कोलिन इनग्राम

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली सोशल मीडिया पर 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स के साथ पहले क्रिकेटर बन गए है जिसे सोशल मीडिया पर 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स है. विराट कोहली के फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं.

SarkariExam.Com

Q14. इटली के क्लब लाजियो ने हाल ही में कौन सी बार कोपा इटालिया फुटबॉल खिताब जीता है?

क. 7वीं बार

ख. 8वीं बार

ग. 9वीं बार

घ. 10वीं बार

इटली के क्लब लाजियो ने हाल ही में अटलांटा को 2-0 से हराकर 7वीं बार कोपा इटालिया फुटबॉल खिताब जीता है. इस सीजन में अटलांटा ने सेरी-ए लीग के दौरान लाजियो को दो बार हराया था.

Q15. निम्न में से किस देश की संसद में चीन के सैन्य वैज्ञानिकों पर रोक संबंधी विधेयक पेश किया गया है?

क. रुसी संसद

ख. इराकी संसद

ग. अमेरिकी संसद

घ. ऑस्ट्रेलिया संसद

हाल ही में अमेरिकी संसद और प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में चीन के सैन्य वैज्ञानिकों पर रोक संबंधी विधेयक पेश किया गया है. जिसके मुताबिक अमेरिकी सरकार उन वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग संस्थानों की सूची बनाएगा जिसका सम्बन्ध पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से है.

SarkariExam.Com

Q16. जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख ने हाल ही में लगातार कौन सा बुंदेसलिगा टाइटल जीता है?

क. तीसरा

ख. पांचवा

ग. सातवाँ

घ. दसवां

जर्मनी के क्लब बायर्न म्यूनिख ने हाल ही में लगातार सातवाँ बुंदेसलिगा टाइटल जीता है. बायर्न म्यूनिख ने आखिरी लीग मुकाबले में फ्रैंकफर्ट को 5-1 से हराया. इस जीत के साथ क्लब बायर्न म्यूनिख के 29 खिताब हो गए.

Q17. अमेरिका ने हाल ही में चीन की कौन सी मोबाइल कंपनी को ब्लैकलिस्ट में डाल दिया है?

क. जीफाइव

ख. हुवाई

ग. सैमसंग

घ. पनासोनिक

अमेरिका ने हाल ही में प्रौद्योगिकी पर खतरे का हवाला देते हुए राष्ट्रीय आपदा घोषित की थी और उसके बाद अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की मोबाइल कंपनी हुवाई को ब्लैकलिस्ट में डाल दिया है.

SarkariExam.Com

Q18. ब्रिटेन के किस टेनिस खिलाडी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान "नाइटहुड" से सम्मानित किया गया है?

क. नोवाक जोकोविच

ख.. रोजर फेडरर

ग. एंडी मरे

घ. क्रिस्तिआनो रोनाल्डो

ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स ने ब्रिटेन के टेनिस खिलाडी एंडी मरे को सर्वोच्च नागरिक सम्मान "नाइटहुड" से सम्मानित किया है. एंडी मरे को दुनिया के बिग-4 में गिना जाता है. एंडी मरे में अपने करिअर में कुल 9 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं.

Q19. ईरान से तेल आयात पर प्रतिबंध लगने के बाद आईओसी ने किस देश से तेल की आपूर्ती के लिए करार किया है?

क. सऊदी अरब

ख. जापान

ग. चीन

घ. अमेरिका

ईरान से तेल आयात पर प्रतिबंध लगने के बाद भारत की इंडियन ऑयल कॉर्प (आईओसी) ने तेल की आपूर्ती के लिए अमेरिका के साथ करार किया है. भारत ने आखिरी बार 31 मार्च के समाप्त वित्त वर्ष में ईरान से करीब 24 मिलियन टन कच्चा तेल खरीदा था.

SarkariExam.Com

Q20. बांग्लादेश ने वनडे में किस टीम को फाइनल में 5 विकेट से हराकर पहली बार मल्टी नेशन टूर्नामेंट जीता है?

क. ऑस्ट्रेलिया टीम

ख. पाकिस्तान टीम

ग. वेस्टइंडीज टीम

घ. साउथ अफ्रीका टीम

आयरलैंड में हो रही वनडे की ट्राई सीरीज के फाइनल में बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर पहली बार मल्टी नेशन टूर्नामेंट जीता है. इस टूर्नामेंट की तीसरी टीम मेजबान आयरलैंड थी.

SarkariExam.Com